राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति, छत्तीसगढ़

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर-19 नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल seiaacg@gmail.com

विषय:- राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 28/02/2020 को संपन्न 316वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

---000---

राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 316वीं बैठक श्री धीरेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन की अध्यक्षता में दिनांक 28/02/2020 को संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

1. डॉ. मोहन लाल अग्रवाल, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
2. श्री अरविन्द कुमार गोरहा, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
3. डॉ. एम.डब्ल्यू.वाय. खान, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
4. डॉ. विकास कुमार जैन, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
5. डॉ. दीपक सिन्हा, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
6. श्री भोसकर विलास संदिपान, सदस्य सचिव, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गया:-

एजेन्डा आयटम क्रमांक-1: दिनांक 27/02/2020 को संपन्न 315वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 315वीं बैठक दिनांक 27/02/2020 को संपन्न हुई। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

एजेन्डा आयटम क्रमांक-2: गौण/मुख्य खनिजों एवं औद्योगिक परियोजना संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर हेतु निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स नकना ब्रिक्स अर्थ क्वारी एण्ड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट (प्रो.- श्री तिलक राम साहू), ग्राम-नकना, तहसील-रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1130)

ऑनलाईन आवेदन - प्रपोजल नम्बर - एसआईए /सीजी /एमआईएन / 136777/2020, दिनांक 14/01/2020।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–नकना, तहसील–रामानुजनगर, जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 82, 83, 84 एवं 85, कुल क्षेत्रफल 1.4 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता– 1,744.65 घनमीटर (ईंट निर्माण इकाई क्षमता 9,37,000 नग) प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा उपलब्ध **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अतिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (अद्यतन) प्रस्तुत किया जाए।
4. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार सदनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री तिलक राम साहू, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई –

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत नकना का दिनांक 31/10/2014 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान, इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान एण्ड क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो सहा. अधिकारी, जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक /141/खनिज/खनि.2/2016 बैकुण्ठपुर दिनांक 07/05/2016 द्वारा अनुमोदित है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक/3502/खनिज/2020 सूरजपुर दिनांक 25/02/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** — कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक/3502/खनिज/2020 सूरजपुर, दिनांक 25/02/2020 के अनुसार जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

5. **लीज का विवरण** — लीज डीड श्री तिलक राम साहू के नाम पर है। लीज डीड 30 वर्षों अर्थात 15/03/2017 से 14/03/2047 तक की अवधि हेतु है।

6. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर वनमण्डल, जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./8972 सूरजपुर, दिनांक 20/11/2013 द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** — डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** — निकटतम आबादी ग्राम–नवना 0.7 कि.मी., शैक्षणिक संस्था ग्राम–रामानुजनगर 4.8 कि.मी. एवं अस्पताल रामानुजनगर 4.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 10.8 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 13.5 कि.मी. दूर है। तालाब 2.75 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** — परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व 28,000 घनमीटर एवं माईनेबल रिजर्व 19,385 घनमीटर है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 1 मीटर (0.048 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। उत्खनन ओपन कास्ट मैनुअल विधि से किया जाता है। उत्खनन की अधिकतम गहराई 2 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मात्रा 17,446 घनमीटर बताया गया है, जिसका उपयोग ईंट निर्माण में किया जाता है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। स्थापित चिमनी की ऊंचाई 33 मीटर है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 25 प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाता है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में खदान की संभावित आयु 10 वर्ष है। माईनेबल रिजर्व अनुसार वर्तमान में खदान की संभावित आयु 07 वर्ष है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है—

प्रथम पांच वर्षों की उत्पादन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
प्रथम वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
प्रथम वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
द्वितीय वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
द्वितीय वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
तृतीय वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
तृतीय वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
चतुर्थ वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000

चतुर्थ वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
पंचम वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
पंचम वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	

आगामी पांच वर्षों की उत्पादन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
छठवें वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
छठवें वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
सातवें वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
सातवें वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
आठवें वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
आठवें वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
नौवें वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
नौवें वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	
दसवें वर्ष प्रथम बेंच	990	1	990	9,37,000
दसवें वर्ष द्वितीय बेंच	948	1	948	

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का राउण्डऑफ किया गया है।

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की खपत 4.98 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। डस्ट उत्सर्जन के रोकथाम हेतु जल छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 1 मीटर खुले क्षेत्र में 700 नग पौधे लगाया जाना प्रस्तावित है।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 82, 83, 84 व 85, क्षेत्रफल 1.40 हेक्टेयर, क्षमता–1,744.65 घनमीटर (ईंट निर्माण 9,37,000 नग) प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–सूरजपुर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 19/12/2016 के द्वारा जारी दिनांक से 03 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. वृक्षारोपण किया गया है।

iv. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	वास्तविक उत्पादन (नग)
मई 2017 से जून 2018 तक	निरंक
जुलाई 2018 से दिसम्बर 2018 तक	55,000
जनवरी 2019 से जून 2019 तक	2,45,000
जुलाई 2019 से दिसम्बर 2019 तक	निरंक

14. माननीय एन.जी.टी., प्रींसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	**Percentage of Capital Investment to be Spent**	**Amount Required for CER Activities (in Lakh)**	**Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)**	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh)**
Rs. 11.40	2%	Rs. 0.22	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Nakana	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.30
			Total	**Rs. 0.30**

सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक/3502/खनिज/2020 सूरजपुर, दिनांक 25/02/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम–नकना) का रकबा 1.4 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम–नकना, तहसील–रामानुजनगर, जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 82, 83, 84 एवं 85, कुल क्षेत्रफल 1.4 हेक्टेयर मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता – 1,744 घनमीटर (ईंट निर्माण इकाई क्षमता 9,37,000 नग) प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स ढाबा व्हाईट क्ले क्वारी (प्रो.– श्री चंदुलाल नाई), ग्राम–ढाबा, तहसील–डोंगरगढ़, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 966)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 42129 / 2019, दिनांक 30 / 09 / 2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 14 / 10 / 2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 14 / 01 / 2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित व्हाईट क्ले (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–ढाबा, तहसील–डोंगरगढ़, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 178 / 1, कुल क्षेत्रफल – 1.627 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–2,650 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey रिपोर्ट) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री खिलावन राम श्रीवास, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत ढाबा का दिनांक 15 / 11 / 2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान (क्वारी कम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (ख.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 9190–93, दिनांक 23/08/2016 द्वारा अनुमोदित है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 5031/ख.लि.02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 20/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 5031/ख.लि. 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 20/12/2019 के अनुसार जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मजार, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

5. **लीज का विवरण** – भूमि एवं लीज डीड श्री चंदूलाल नाईं के नाम पर है। लीज डीड दिनांक 15/02/1981 से 14/02/2031 तक की अवधि हेतु वैध है।

6. कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, राजनांदगांव वनमण्डल, जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्र./मा.चि./ न.क.10–1 /2020/ 1901 राजनांदगांव, दिनांक 20/02/2020 द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 544 से 5 कि.मी. की दूरी पर है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–रेंगाकठेरा 0.55 कि.मी. एवं अस्पताल डोंगरगढ़ 13 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.5 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 19 कि.मी. दूर है। तालाब 0.55 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

जियोलॉजिकल रिजर्व 2,44,050 टन एवं माईनेबल रिजर्व 1,49,180 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.382 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 6 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की औसत मोटाई 0.5 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 28 वर्ष है। ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग नहीं किया जाता है। प्रस्तुत माईनिंग प्लान में वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

प्रथम पांच वर्ष की उत्पादन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)

प्रथम वर्ष	1.467	1.5	2.200	4.400
द्वितीय वर्ष	1.667	1.5	2.500	5.000
तृतीय वर्ष	1.700	1.5	2.550	5.100
चतुर्थ वर्ष	1.767	1.5	2.650	5.300
पंचम वर्ष	1.733	1.5	2.600	5.200

आगामी पांच वर्ष की उत्पादन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
छठवें वर्ष	1.733	1.5	2.600	5.200
सातवें वर्ष	1.667	1.5	2.500	5.000
आठवें वर्ष	1.667	1.5	2.500	5.000
नौवें वर्ष	1.633	1.5	2.450	4.900
दसवें वर्ष	1.633	1.5	2.450	4.900

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। डस्ट उत्सर्जन के रोकथाम हेतु जल छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** — लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 400 नग वृक्षारोपण किया गया है तथा आगामी मानसून के पूर्व शेष भूमि में 600 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:—**

i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 178/1, क्षेत्रफल 1.627 हेक्टेयर, क्षमता—5,300 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला—राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 09/03/2017 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी किया गया है।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला—राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 333/खनि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 05/02/2020 के अनुसार विगत वर्षों का उत्खनन विवरण निम्नानुसार है:—

वित्तीय वर्ष	वास्तविक उत्खनन (टन)
1989	1.357
1990	1.305
1991	1.400
1992	1.994
1993	1.090
1994	1.896
1995	2.340

1996	1,924
1997	1,710
1998	1,108
1999	936
2000	1,422
2001	1,120
2002	467
2003	700
2004	1,630
2005	1,480
2006	1,140
2007	1,680
2008	1,470
2009	1,460
2010	320
2011	1,100
2012–2016	निरंक
2017	1,360
2018	1,530
2019	1,950

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है –

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 30	2%	Rs. 0.60	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Dhaba	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.40
			Running Water Facility for Toilets	Rs. 0.10
			Plantation with Fencing work	Rs. 0.10
			Total	**Rs. 0.60**

सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

15. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 5031/ख.लि.02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 20/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम-ढाबा) का रकबा 1.627 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम-ढाबा, तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 178/1, कुल क्षेत्रफल - 1.627 हेक्टेयर क्वार्ट्ज उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता - 2,000 घनमीटर (5,300 टन) प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट-02** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स आर. डी. मिनरल्स बनहरदी लाईम स्टोन क्वारी (पार्टनर - श्री राहुल गोलछा), ग्राम-बनहरदी, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 880)

ऑनलाईन आवेदन - प्रपोजल नम्बर - एसआईए /सीजी /एमआईएन / 36759/2019, दिनांक 26/05/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियां होने से ज्ञापन दिनांक 06/06/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 16/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण - यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम-बनहरदी, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 326/2 एवं 327, कुल क्षेत्रफल - 0.708 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता - 11,600 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण -

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री वैभव गोलछा, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बनहरदी का दिनांक 11/07/2002 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान एलांगविथ इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशा.), जिला–रायपुर के ज्ञापन क्रमांक क/1067/ख.लि./तीन–6/2018, दिनांक 02/11/2018 द्वारा अनुमोदित की गई है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/2096/ख.लि.02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 16/08/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें क्षेत्रफल 3.012 हेक्टेयर है।
4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/2096/ख.लि. 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 16/08/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
5. **लीज का विवरण** – पूर्व में लीज श्री नवीन कुमार जैन के नाम पर है, जिसकी अवधि 10 वर्ष हेतु अर्थात् दिनांक 05/04/2003 से 04/04/2013 तक थी। उक्त लीज का हस्तांतरण दिनांक 10/08/2007 को श्री मनीष खण्डेलवाल के नाम पर किया गया। तत्पश्चात् लीज डीड का नवीनीकरण 05 वर्ष हेतु अर्थात् दिनांक 05/04/2013 से 04/04/2018 तक एवं वैधता वृद्धि 15 वर्ष हेतु अर्थात् दिनांक 05/04/2018 से 04/04/2033 तक की अवधि हेतु वैध है।

वर्तमान में लीज का हस्तांतरण दिनांक 05/07/2018 को मेसर्स आर. डी. मिनरल्स (पार्टनर – श्री राहुल गोलछा) के नाम पर किया गया है।

6. कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, राजनांदगांव वनमण्डल, जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्र./मा.चि./न.क्र. 10–1/581 राजनांदगांव, दिनांक 15/01/2020 द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 539 से 10.5 कि.मी. की दूरी पर है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–बनहरदी 1 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम–बनहरदी 1 कि.मी. पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.6 कि.मी. एवं राजमार्ग 0.7 कि.मी. दूर है। तालाब 0.8 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 1,69,920 टन, माईनेबल रिजर्व 94,470 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 85,024 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.252 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 12 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मात्रा 1,000 घनमीटर एवं मोटाई 1 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान की संभावित आयु 6 वर्ष है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन योजना

वर्ष	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन ROM (टन)
प्रथम	1,933	3	5,800	11,600
द्वितीय	1,800	3	5,400	10,800
तृतीय	1,667	3	5,000	10,000
चतुर्थ	1,533	3	4,600	9,200
पंचम	1,400	3	4,200	8,400

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 500 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

13. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि दक्षिण दिशा में 7.5 मीटर के खुले क्षेत्र में कई जगहों पर 4 मीटर तक उत्खनन पूर्व से ही किया

गया है। उक्त उत्खनित क्षेत्र में ओवर बर्डन का भराव कर वृक्षारोपण किया जाएगा।

14. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 326/2 एवं 327, क्षेत्रफल 0.708 हेक्टेयर, क्षमता–4,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 09/03/2017 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी की गई है।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. 200 नग वृक्षारोपण किया गया है।

iv. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 507/ख.लि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 24/02/2020 के अनुसार विगत वर्षों का उत्खनन विवरण निम्नानुसार है:–

वित्तीय वर्ष	वास्तविक उत्खनन (घनमीटर)
2003–04	200
2004–05	120
2005–06	180
2006–07	215
2007–08	360
2008–09	75
2009–10	155
2010–11	735
2011–12	297
2012–13	380
2013–14	235
2014–15	265
2015–16 (15 जून तक)	85
@ 1.67 टन/घनमीटर	**मीट्रिक टन में**
2015–16 (15 जुलाई से 15 दिसम्बर तक)	3,440
16 जनवरी से 17 मार्च	–
2017–18	2,710
2018–19	2,800
2019–20	2,850

15. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 20	2%	Rs. 0.40	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Banhardi	
			Solar Lighting System	Rs. 0.30
			Plantation with Fencing	Rs. 0.10
			Total	**Rs. 0.40**

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत की जाए।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत फार्म–2, फार्म–1, पी–फिजिबिलिटी रिपोर्ट, अनुमोदित माईनिंग प्लान में खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 11,600 टन प्रतिवर्ष बतायी गई है। जबकि प्रस्तुतीकरण के दौरान उत्खनन क्षमता – 10,000 टन प्रतिवर्ष बतायी गई है। इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की जाए।

3. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नागपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी हेतु पत्र लिखा जाए।

4. मेसर्स रामपुर लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री पलटू राम उइके), ग्राम–रामपुर, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1002)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 42392/2019, दिनांक 06/11/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियां होने से ज्ञापन दिनांक 21/11/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 16/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–रामपुर, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 78/2, कुल क्षेत्रफल – 0.61 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 4,500 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
2. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री रमेश डाकलिया, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. **मेसर्स तिरूपति बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड(2), ग्राम–बटुराबहार, तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1073)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 132814 / 2019, दिनांक 21 / 12 / 2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 08 / 01 / 2020 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 16 / 01 / 2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बटुराबहार, तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर स्थित खसरा क्रमांक 1030 / 3 एवं 1030 / 7, कुल रकबा – 1 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 68,962.4 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. यदि खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई हो, तो जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दीपक चतुर्वेदी, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बटुराबहार का दिनांक 21 / 08 / 2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – टी.पी., क्वारी प्लान, इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान एण्ड क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (ख.प्र.), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2088 / खनिज / खलि.3 / उत्खनन यो. / 2019 अम्बिकापुर, दिनांक 14 / 11 / 2019 द्वारा अनुमोदित है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 347 / खनि.शा. / 2019 जशपुर, दिनांक 10 / 12 / 2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 4 खदानें क्षेत्रफल 3.187 हेक्टेयर है।

4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र / संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 328 / खनि.शा. / 2019 जशपुर, दिनांक 04 / 12 / 2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, ब्रीज, नहर, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

5. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 173 / खनि.शाखा / 2019 जशपुर, दिनांक 11 / 09 / 2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।

6. भूमि श्रीमति देवमति बाई, श्रीमति उर्मिला बाई एवं श्री मदन राम के नाम पर है। उत्खनन हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

7. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक / मा.चि. / 2019 / 5166 जशपुर, दिनांक 09 / 10 / 2019 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन भूमि की सीमा से 5 कि.मी. की दूरी पर है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–बटुराबहार 0.8 कि.मी., स्कूल ग्राम–बटुराबहार 1 कि.मी. एवं अस्पताल पत्थलगांव 15 कि.मी. दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4.9 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 5.8 कि.मी. दूर है। कुरडी नदी 1.25 कि.मी. एवं तालाब 0.33 कि.मी. दूर है।

9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 1,30,000 टन, माईनेबल रिजर्व 80,657 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 76,624 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.313 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा जाएगा। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 6 मीटर है। लीज क्षेत्र में क्रशर लगाया जाना प्रस्तावित नहीं है। ऊपरी मिट्टी की मात्रा 5,421 घनमीटर एवं मोटाई 1 मीटर है। ओवहरबर्डन को माईन बाउण्ड्री में डम्प किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 2 वर्ष है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	68,962
द्वितीय	7,662

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंको का राउण्डऑफ किया गया है।

12. प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक जल की मात्रा 9.7 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति ग्राम पंचायत के माध्यम से टैंकर द्वारा की जाएगी। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 900 नग पौधे एवं खदान के पहुँच मार्ग के दोनों तरफ में अतिरिक्त 400 नग पौधे प्रथम वर्ष में लगाया जाना प्रस्तावित है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उत्तर दिशा में 7.5 मीटर के क्षेत्र में 672 वर्गमीटर क्षेत्र पर 1 मीटर तक उत्खनन पूर्व से ही किया गया है। उत्खनित क्षेत्र में ओव्हर बर्डन का भराव कर वृक्षारोपण किया जाएगा।

14. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदन में त्रुटिवश क्वारी–2 के स्थान पर क्वारी–1 हेतु फॉर्म–2 का प्रारूप जमा कर दिया गया था। अतः विचाराधीन प्रकरण (क्वारी–2) हेतु संशोधित फॉर्म–2 की प्रति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

15. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

16. माननीय एन.जी.टी., प्रींसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

    a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

    b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

17. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 36.82	2%	Rs. 0.74	Following activities at Nearby Government Primary School Village - Batura bahar	
			Solar Lighting System	Rs. 0.75
			Running Water Facility for Toilets	Rs. 0.30

			Following activities at Nearby Government Primary School Village-Chandragarh	
			Distribution of Books relating to Conservation and Protection of Environment books for students	Rs. 0.05
			Total	**Rs. 1.10**

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 347/खनि. शा./2019 जशपुर, दिनांक 10/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 4 खदानें, कुल क्षेत्रफल 3.187 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम–बटुराबहार) का रकबा 1 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम–बटुराबहार) को मिलाकर कुल रकबा 4.187 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।
2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम–बटुराबहार, तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर स्थित खसरा क्रमांक 1030/3 एवं 1030/7, कुल क्षेत्रफल – 1 हेक्टेयर साधारण पत्थर खदान (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता – 68.962 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–03** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

6. मैसर्स घोरदा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो. – श्री निर्मल चंद जैन), ग्राम–घोरदा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 947)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/41924/2019, दिनांक 31/08/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने की ज्ञापन दिनांक 25/09/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 18/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–घोरदा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 372/1, 372/2 एवं 373, कुल क्षेत्रफल – 1.955 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 14.269 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. यदि खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई हो, तो जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. लीज डीड की स्पष्ट / पठनीय प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री अंकित जैन, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत घोंसरा का दिनांक 14 / 01 / 2008 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान एलांग विथ क्वारी क्लोजर प्लान एण्ड इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि.प्रशा.), जिला-रायपुर के ज्ञापन क्रमांक क. / ख.लि. / तीन-6 / 2016 / 2931 रायपुर दिनांक 16 / 01 / 2017 द्वारा अनुमोदित है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 3077 / ख.लि. 02 / 2019 राजनांदगांव दिनांक 29 / 11 / 2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र / संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 3077 / ख.लि. 02 / 2019 राजनांदगांव, दिनांक 29 / 11 / 2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, ब्रीज, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
5. **लीज का विवरण** – लीज श्री निर्मल चंद जैन के नाम पर है, जिसकी अवधि 10 वर्ष हेतु अर्थात् दिनांक 27 / 06 / 2008 से 26 / 06 / 2018 तक थी।

तत्पश्चात 20 वर्ष (दिनांक 27/08/2018 से 26/08/2038 तक) की अवधि हेतु वैध है।

6. कार्यालय वनमंडल अधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल, जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./न.क्र. 10–1/601 राजनांदगांव, दिनांक 15/01/2020 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 539 से 11.5 कि.मी. की दूरी पर है।

7. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–धोरदा 0.35 कि.मी., स्कूल ग्राम–धोरदा 0.5 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम–धोरदा 0.5 कि.मी. दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 5.5 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 0.33 कि.मी. दूर है। तालाब 0.625 कि.मी. एवं मौसमी नाला 0.16 कि.मी. दूर है।

8. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (Distnct Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 6,35,375 टन, माईनेबल रिजर्व 3,95,305 टन एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 3,75,540 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.438 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 14 मीटर है। लीज क्षेत्र में क्रशर लगाया जाना प्रस्तावित नहीं है। ऊपरी मिट्टी की मात्रा 1,186 घनमीटर एवं मोटाई 1 मीटर है। ओवरबर्डन को माईन बाउण्ड्री में डम्प किया जाता है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं 2 मीटर है। खदान की संभावित आयु 27 वर्ष है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाता है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
प्रथम वर्ष द्वितीय बेंच	1,028	1.5	1,542	3,855
प्रथम वर्ष तृतीय बेंच	830	2.0	1,660	4,150
द्वितीय वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
द्वितीय वर्ष द्वितीय बेंच	1,146	1.5	1,719	4,297
द्वितीय वर्ष तृतीय बेंच	1,089	2.0	2,178	5,445
तृतीय वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
तृतीय वर्ष द्वितीय बेंच	1,146	1.5	1,719	4,297
तृतीय वर्ष तृतीय बेंच	1,091	2.0	2,182	5,455
चतुर्थ वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
चतुर्थ वर्ष द्वितीय बेंच	1,150	1.5	1,725	4,312
चतुर्थ वर्ष तृतीय बेंच	1,096	2.0	2,192	5,480
पंचम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
पंचम वर्ष द्वितीय बेंच	1,147	1.5	1,720	4,301
पंचम वर्ष तृतीय बेंच	1,095	2.0	2,190	5,475

आगामी वर्षों का उत्खनन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
छष्ठम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
छष्ठम वर्ष द्वितीय बेंच	1,151	1.5	1,726	4,316
छष्ठम वर्ष तृतीय बेंच	1,099	2.0	2198	5,495
सप्तम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
सप्तम वर्ष द्वितीय बेंच	1,145	1.5	1,717	4,293
सप्तम वर्ष तृतीय बेंच	1,093	2.0	2,186	5,465
अष्टम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,438
अष्टम वर्ष द्वितीय बेंच	1,148	1.5	1,722	4,305
अष्टम वर्ष तृतीय बेंच	1,096	2.0	2,192	5,480
नवम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1,784	4,458
नवम वर्ष द्वितीय बेंच	1,152	1.5	1,728	4,320
नवम वर्ष तृतीय बेंच	1,095	2.0	2,190	5,475
दशम वर्ष प्रथम बेंच	1,189	1.5	1784	4,458
दशम वर्ष द्वितीय बेंच	1,118	1.5	1,677	4,192
दशम वर्ष तृतीय बेंच	780	2.0	1,560	3,900

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 400 नग वृक्षारोपण किया गया है तथा आगामी मानसून में 700 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। इस प्रकार कुल 1100 नग पौधे का रोपण किया जाएगा। लीज क्षेत्र की सीमा (7.5 मीटर चौड़ी) की 115 मीटर लंबाई में उत्खनन का कार्य किया गया है। प्रस्तावक द्वारा इस क्षेत्र में ओवरबर्डन से भराव कर रोपण का कार्य किया जाएगा।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

   i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 372/1, 372/2 एवं 373, कुल क्षेत्रफल–1.955 हेक्टेयर, क्षमता–14,269 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 09/03/2017 के द्वारा जारी दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी किया गया है।

   ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

   iii. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 495/ख.लि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 19/02/2020 के अनुसार विगत वर्षों का उत्खनन विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	वास्तविक उत्खनन (टन)
2008–2010	–

2011	50
2012	40
2013	199
2014	280
2015	621
2016	--
2017	--
2018	415
2019	14,035
2020	24

14. माननीय एन.जी.टी., प्रींसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** -- भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 20	2%	Rs. 0.40	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Ghorda	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.30
			Plantation	Rs. 0.10
			Total	**Rs. 0.40**

सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 3077/खनि 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 29/11/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम-घोरदा) का रकबा 1.955 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।
2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम-घोरदा, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 372/1, 372/2 एवं 373, कुल क्षेत्रफल - 1.955 हेक्टेयर चूना पत्थर खदान (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 14.269 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट-04** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।
3. खदान की सीमा (7.5 मीटर चौड़ी) की 115 मीटर लंबाई में पूर्व से उत्खनित क्षेत्र ओवरबर्डन से भरकर वृक्षारोपण का कार्य प्राथमिकता से कराया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

7. मेसर्स श्री देवलाल वर्मा मोखली लाईम स्टोन क्वारी, ग्राम-मोखली, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 948)

ऑनलाईन आवेदन - प्रपोजल नम्बर - एसआईए/सीजी/एमआईएन/41926/2019, दिनांक 31/08/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 25/09/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 18/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण - यह प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम-मोखली, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 26/3, 27 एवं 29, कुल क्षेत्रफल-0.844 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता-2.285 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण -

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. यदि खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई हो, तो जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

3. लीज डीड की स्पष्ट/पठनीय प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री अंकित जैन, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

8. मेसर्स सुजाता मिनरल्स रामपुर लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती सुजाता ढकलिया), ग्राम–रामपुर, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1083)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 133931/2019, दिनांक 28/12/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 09/01/2020 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 18/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–रामपुर, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 100/1 एवं 101 कुल क्षेत्रफल – 0.445 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 3,000 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्संबंध **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

2. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।

3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री रमेश हारकलिया, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

9. **मेसर्स शिवा मिनरल्स कांपा क्वार्ट्ज माईन (प्रो.– श्रीमती कुसुमबेन चावडा), ग्राम–कांपा, तहसील–छुरिया, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1083सी)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 42396/2019 दिनांक 28/12/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियां होने से ज्ञापन दिनांक 14/01/2020 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 18/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित क्वार्ट्ज (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–कांपा, तहसील–छुरिया, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 62, 64 एवं 65, कुल क्षेत्रफल – 4.587 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 20,000 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

2. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।

3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री रमेश डाकलिया, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में मांगी गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

10. मेसर्स झुमरपारा ब्रिक्स अर्थ क्वारी एण्ड फिक्स चिमनी प्लांट (प्रो.– श्री परजय जायसवाल), ग्राम–झुमरपारा, तहसील व जिला–सूरजपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1139)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 137612/2019, दिनांक 18/01/2020।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–झुमरपारा, तहसील व जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 287, 588, 590 एवं 591, कुल क्षेत्रफल 1.58 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता- 2,234.29 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था**:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (अद्यतन) प्रस्तुत किया जाए।

4. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।

5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

6. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री धनंजय जायसवाल, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

11. मेसर्स अर्जुनी फ्लेग स्टोन (प्रो.– श्री हरिचंद साहू), ग्राम–अर्जुनी, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1017)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 43964/2019, दिनांक 13/11/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 30/11/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 21/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–अर्जुनी, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 364/1 एवं 365/3, कुल क्षेत्रफल – 0.599 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 15,618.75 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

2. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।

3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री हरीचंद साहू, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत अर्जुनी का दिनांक 08/11/2014 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान विथ क्वारी क्लोजर प्लान एण्ड इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशा.), जिला-रायपुर के ज्ञापन क्रमांक क./खलि./तीन-6/2016/1467 रायपुर, दिनांक 18/07/2016 द्वारा अनुमोदित की गई है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/4035/ख.लि.03/2019, राजनांदगांव, दिनांक 07/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें क्षेत्रफल 6.23 हेक्टेयर है।
4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/4035/ख.लि. 03/2019 राजनांदगांव, दिनांक 07/12/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
5. **लीज का विवरण** – लीज श्री हरिचंद साहू के नाम पर है, जिसकी अवधि 10 वर्ष अर्थात् दिनांक 18/04/2012 से 17/04/2022 तक की अवधि हेतु वैध है।
6. कार्यालय वनमंडल अधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल, जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक /मा.चि./न.क. 10-1/2020/1362 राजनांदगांव, दिनांक 06/02/2020 द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 539 से 6 कि.मी. की दूरी पर है।
7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (Distnct Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-अर्जुनी 0.6 कि.मी. एवं स्कूल ग्राम-अर्जुनी 0.5 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम-अर्जुनी 0.6 कि.मी. पर

स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 8 कि.मी. एवं राजमार्ग 0.45 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 0.45 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 2,84,525 टन, माईनेबल रिजर्व 2,13,155 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 1,91,839 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.24 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 15 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान की संभावित आयु 15 वर्ष है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन योजना

वर्ष	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	1,315	1.5	1,972	4,734
द्वितीय	2,030	1.5	3,045	7,308
तृतीय	2,760	1.5	4,140	9,936
चतुर्थ	3,490	1.5	5,235	12,564
पंचम	4,165	1.5	6,245	15,619

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है तथा आगामी मानसून में 500 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र के उत्तर–पूर्वी दिशा में 7.5 मीटर के क्षेत्र में 3.5 मीटर तक उत्खनन पूर्व से ही किया गया है। उत्खनित क्षेत्र में ओवर बर्डन का भराव कर वृक्षारोपण किया जाएगा।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**:–

    i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 365/3, 364/1, क्षेत्रफल 0.56 हेक्टेयर, क्षमता–6,245 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 10/01/2017 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी किया गया है।

    ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

    iii. खनि अधिकारी, जिला–राजनांदगांव द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (टन)
2012	230
2013	260
2014	794
2015	2,527
2016	—
2017	152
2018	418
2019	204

14. माननीय एन.जी.टी. प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्वेंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन क्रमांक 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है –

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/4035/खनि.03/2019 राजनांदगांव दिनांक 07/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें क्षेत्रफल 6.23 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम–अर्जुनी) का रकबा 0.599 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम–अर्जुनी) को मिलाकर कुल रकबा 6.829 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित होने के कारण यह खदान 'बी1' श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रकरण बी1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्टस/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इनवायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्टस हेतु निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गई –

i. Project Proponent shall submit an action plan for plantation around 7.5 meter of mine lease periphery within one year.

ii. Project Proponent shall inform S.E.A.C. Chhattisgarh before start of monitoring work for preparation of EIA Study Report.

iii. Project Proponent shall submit proposal for storage of top soil.

iv. Project Proponent shall submit the Common Environment Management Plan.

v. Project proponent shall submit calculation regarding total storm water received in the premises, potential of rain water harvesting and quantity to be harvested along with details of proposed structures in EIA report.

vi. Project Proponent shall submit NOC from DGMS for blasting.

vii. Project Proponent shall submit CER proposals with details of works and detailed estimates.

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

12. मेसर्स सुन्दरपुर ब्रिक्स अर्थ क्वारी (प्रो.– श्री दिनेश कुमार गुप्ता), ग्राम–सुन्दरपुर, तहसील–अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1140)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 137926 / 2020, दिनांक 21 / 01 / 2020।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–सुन्दरपुर, तहसील–अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा स्थित खसरा क्रमांक 249, 251 एवं 252 / 2, कुल क्षेत्रफल 0.498 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता–1,070 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कर प्रस्तुत की जाए।
2. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (अद्यतन) प्रस्तुत किया जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दिनेश कुमार गुप्ता, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष

बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी माह की आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई तकनिकी जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

13. मेसर्स आलीखुटा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो– श्री हेमंत चौधरी), ग्राम–आलीखुटा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 989)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 44668 / 2018, दिनांक 30 / 10 / 2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 21 / 11 / 2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा चाहित जानकारी दिनांक 23 / 01 / 2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (लाईम स्टोनिज) खदान है। खदान ग्राम–आलीखुटा, तहसील व जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 333 / 2,4 एवं 334 / 2,4, कुल क्षेत्रफल – 0.453 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 4,000 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्पश्चात **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री हेमंत चौधरी, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत आरगांव का दिनांक 28/08/2008 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान (क्वारी कम इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशा.), जिला–रायपुर द्वारा अनुमोदित की गई है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/129/ख.लि.03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर आवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/129/ख.लि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2020 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

5. **लीज का विवरण** – पूर्व में लीज श्री जलाम सिंह गोंड के नाम पर है, जिसकी अवधि 05 वर्ष हेतु अर्थात दिनांक 15/09/2009 से 14/09/2014 तक थी। वर्तमान में लीज का हस्तांतरण दिनांक 14/01/2019 को श्री हेमंत चौधरी के नाम पर किया गया है, जो दिनांक 19/03/2018 से 14/09/2039 तक की अवधि हेतु वैध है।

6. कार्यालय वनमंडल अधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्र./मा.चि./न.क. 10-1/544 राजनांदगांव, दिनांक 14/01/2020 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 544 से 8 कि.मी. की दूरी पर है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–अलीखुटा 0.75 कि.मी., स्कूल ग्राम–अलीखुटा 0.75 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम–अलीखुटा 0.75 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 1.2 कि.मी. एवं राजमार्ग 12 कि.मी. दूर है। तालाब 1.5 कि.मी. एवं मौसमी नाला 0.15 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 1,01,925 टन, माईनेबल रिजर्व 56,945 टन एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 41,250 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.201 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से

उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 10 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 1 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान की संभावित आयु 11 वर्ष है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन योजना

वर्ष	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	533	3	1,600	4,000
द्वितीय	533	3	1,600	4,000
तृतीय	533	3	1,600	4,000
चतुर्थ	533	3	1,600	4,000
पंचम	533	3	1,600	4,000

आगामी वर्षों का उत्खनन योजना

वर्ष	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
षष्ठम	533	3	1,600	4,000
सप्तम	533	3	1,600	4,000
अष्टम	533	3	1,600	4,000
नवम	533	3	1,600	4,000
दशम	533	3	1,600	4,000

11. प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति बोरवेल से की जाती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** — लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है तथा आगामी मानसून में 400 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**

i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 333/2, 4 एवं 334/2, 4, क्षेत्रफल 0.453 हेक्टेयर, क्षमता-4,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समायोजन निर्धारण प्राधिकरण, जिला-राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 29/01/2018 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी किया गया है।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 430/खनि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 13/02/2020 के अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	वास्तविक उत्पादन (टन)
2009–2010	15
2010–2011	145
2011–2012	135
2012–2013	200
2013–2019	निरंक
2019–2020	70

14. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन क्रमांक 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

<table>
<tr><th rowspan="2">Capital Investment (in Lakh)</th><th rowspan="2">Percentage of Capital Investment to be Spent</th><th rowspan="2">Amount Required for CER Activities (in Lakh)</th><th colspan="2">Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)</th></tr>
<tr><th>Particulars</th><th>CER Fund Allocation (in Lakh)</th></tr>
<tr><td rowspan="4">Rs. 20</td><td rowspan="4">2%</td><td rowspan="4">Rs. 0.40</td><td colspan="2">Following activities at Nearby Government Primary School Village-Aalikhuta</td></tr>
<tr><td>Solar Lighting System</td><td>Rs. 0.30</td></tr>
<tr><td>Plantation with Fencing</td><td>Rs. 0.10</td></tr>
<tr><td>Total</td><td>Rs. 0.40</td></tr>
</table>

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/129/ख.लि.03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक

है। आवेदित खदान (ग्राम–आलीखुटा) का रकबा 0.453 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम–आलीखुटा, तहसील व जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 333/2.4 एवं 334/2.4, कुल क्षेत्रफल – 0.453 हेक्टेयर भूमि पत्थर खदान (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता – 4,000 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–05** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

14. मेसर्स अर्जुनी फ्लेग स्टोन माईन (प्रो.– श्री अभय जैन), ग्राम–अर्जुनी, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 997)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/43976/2017, दिनांक 01/11/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 21/11/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 24/01/2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फ्लेग स्टोन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–अर्जुनी, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 126/2, 3, 4 एवं 120, कुल क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1,600 टन प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्पश्चात **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. यदि खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई हो, तो जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
2. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
3. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु आने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री अभय कुमार जैन, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत अर्जुनी का दिनांक 08/04/2012 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान (क्वारी कम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि. प्रशा.), जिला–रायपुर के ज्ञापन क्रमांक क./ख.लि./तीन–6/2016/1243, रायपुर दिनांक 06/06/2016 द्वारा अनुमोदित की गई है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/2822/ख.लि. 03/2019 राजनांदगांव, दिनांक 08/11/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 2 खदानें क्षेत्रफल 3.4 हेक्टेयर है।
4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/2822/ख.लि. 03/2019 राजनांदगांव, दिनांक 08/11/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
5. **लीज का विवरण** – लीज श्री शिखर चंद जैन के नाम पर है, जिसकी अवधि 10 वर्ष हेतु अर्थात दिनांक 18/04/2012 से 17/04/2022 तक थी। तत्पश्चात् लीज का हस्तांतरण दिनांक 25/08/2017 को श्री अभय जैन के नाम पर किया गया है, जो दिनांक 18/04/2022 से 17/04/2042 तक की अवधि हेतु वैध है।
6. कार्यालय वनमंडल अधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्र./मा.चि./न.क. 10–1/2020/924 राजनांदगांव, दिनांक 24/01/2020 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 539 से 7.1 कि.मी. की दूरी पर है।
7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–अर्जुनी 0.25 कि.मी. एवं स्कूल ग्राम–अर्जुनी 0.5 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम–अर्जुनी 0.8 कि.मी. पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 7 कि.मी. एवं राजमार्ग 0.2 कि.मी. दूर है।
9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 96,000 टन, माईनेबल रिजर्व 36,160 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 29,344 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.42 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 6 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 2 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान की सम्भावित आयु 19 वर्ष है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन योजना

वर्ष	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	आयतन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	333	3	1,000	1,600
द्वितीय	333	3	1,000	1,600
तृतीय	333	3	1,000	1,600
चतुर्थ	333	3	1,000	1,600
पंचम	333	3	1,000	1,600
षष्ठम	333	3	1,000	1,600

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 2 घनमीटर प्रतिदिन है। जल की आपूर्ति निकटतम बोरवेल से की जाती है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है।

12. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुले क्षेत्र में 500 नग वृक्षारोपण किया गया है, आगामी मानसून में 600 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**

i. पूर्व में खदान खसरा क्रमांक 126/2, 3, 4 एवं 120, क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर, क्षमता–1,600 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 10/01/2017 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी किया गया है।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 517/ख.लि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 26/02/2020 के अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	वास्तविक उत्खनन (घनमीटर)
2012–2013	150
2013–2014	945
2014–2015	527
2015–2016 (दिसम्बर 15 तक)	1,904
2015–2016	–

(दिनांक 01/01/2016 से 31/01/2017 तक)	
2016–2017 (दिनांक 01/02/2017 से 31/03/2017 तक)	71
2017–2018	970
2018–2019	547
2019–2020	315

14. प्रस्तुत अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार ब्लॉकड मिनरल की गणना किये जाने के लिए माईन लिमिट का 10 प्रतिशत (6,000 घनमीटर), बेंचेस में 2,600 घनमीटर एवं अन्य ब्लॉकेज 28,800 घनमीटर मात्रा को घटाया गया है। जबकि लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर का क्षेत्रफल 0.42 हेक्टेयर है। उत्खनन 6 मीटर तक किया जाना बताया गया है। इस प्रकार ब्लॉकड मिनरल की गणना किये जाने के लिए माईन लिमिट का 10 प्रतिशत (6,000 घनमीटर) के स्थान पर 25,200 घनमीटर को घटाया जाना चाहिए। अतः प्रस्तुत माईनिंग प्लान में त्रुटि है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh)**
Rs. 25	2%	Rs. 0.50	Following activities at Nearby Government Primary School Village- Arjuni	
			Rain water harvesting system	Rs. 0.30
			Running water Facility for Toilets	Rs. 0.10
			Plantation with fencing work	Rs. 0.10
			Total	**Rs. 0.50**

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा ब्लॉकड मिनरल की गणना किये जाने के लिए माईन लिमिट का 10 प्रतिशत (6,000 घनमीटर) के स्थान पर 25,200 घनमीटर को घटाते हुये, पुनः गणना कर संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।
2. सी.ई.आर. का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

15. मेसर्स बासुदेव ट्रेड लिंक, ग्राम–रामबोड़, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 778)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / आईएनडी / 32029 / 2019, दिनांक 27 / 02 / 2019 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / आईएनडी / 50201 / 2019, दिनांक 26 / 01 / 2020 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत ग्राम–रामबोड़, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली स्थित खसरा क्रमांक 505(पार्ट), 502/2 एवं 503/3, कुल क्षेत्रफल – 11.952 हेक्टेयर में डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) क्षमता – 30,000 टन प्रतिवर्ष से 58,500 टन प्रतिवर्ष, डब्ल्यू.एच.आर.बी. आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 2.5 मेगावॉट से 5 मेगावॉट, एफबीसी आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 4.5 मेगावॉट से 8 मेगावॉट, हॉट चार्ज्ड रोल्ड प्रोडक्ट (थ्रु इण्डक्शन फर्नेस एवं रोलिंग मिल) क्षमता – 30,000 टन प्रतिवर्ष से 90,000 टन प्रतिवर्ष, कोल गैसीफायर (प्रोड्यूसर गैस) क्षमता – 2,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा से 6,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा, प्रस्तावित न्यू वॉयर ड्राइंग मिल 60,000 टन प्रतिवर्ष, वाईडिंग वॉयर मिल 30,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु परियोजना का विनियोग रुपए 48 करोड़ होगा।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 06 / 06 / 2019 द्वारा प्रकरण बी–1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए. / ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स / एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(डी) थर्मल पॉवर प्लांट्स एवं श्रेणी 3(ए) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) जारी किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. जारी किये गये टर्म्स ऑफ रेफरेन्स का पालन प्रतिवेदन एवं लोक सुनवाई में उठाये गये मुद्दों के निराकरण की दिशा में प्रस्तावित कार्यवाही की कार्य योजना प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

4. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/02/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री संजय अग्रवाल, ओनर एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेबोरेट्रीज एण्ड कन्सलटेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री सुधीर सिंह उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

- पूर्व में राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 419, दिनांक 02/07/2013 द्वारा स्पंज आयरन (1 गुणा 100 टन प्रतिदिन) क्षमता 30,000 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी।
- पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों का पालन किया गया है। केवल उद्योग के हाउस कीपिंग व्यवस्था में सुधार किये जाने का उल्लेख किया गया है।

2. **पूर्व में जारी जल एवं वायु सम्मति संबंधी विवरण:–**

- छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर द्वारा स्पंज आयरन (1 गुणा 100 टन प्रतिदिन) क्षमता 30,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 06/02/2018 को जारी की गई है, जो दिनांक 12/05/2019 तक वैध थी।
- वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

- निकटतम आबादी ग्राम–रामबोड़ 0.7 कि.मी., स्कूल खम्हारडीह 1.5 कि.मी., अस्पताल सिलहा 8.6 कि.मी. एवं रेलवे स्टेशन बिल्हा 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.6 कि.मी. है। मनियारी नदी 0.3 कि.मी., आगर नदी 7.5 कि.मी., शिवनाथ नदी 8.4 कि.मी. की दूरी पर है। देवरानी–जेठानी मंदिर 5.8 कि.मी. (दक्षिण–पूर्वी दिशा) की दूरी पर स्थित है।
- **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

4. कारखाने में स्थापित एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत प्रस्तावित क्षमता के तहत विभिन्न उत्पादों का विवरण निम्नानुसार है:-

S. N.	Unit (Product)	Existing Plant	Obtained CTE (Work yet to commence)	After proposed Expansion
1.	DRI kiln (Sponge Iron)	1x100 TPD (30,000 TPA)	-	1x100 TPD & 1x95 TPD (58,500 TPA)
2.	WHRB based Power (Electricity)	-	2.5 MW	5 MW
3.	FBC based Power (Electricity)	-	4.5 MW	8 MW
4.	Hot Charged Rolled Products (Through Induction Furnace and Rolling Mill)	-	30,000 TPA	90,000 TPA
5.	Coal Gasifier (Producer Gas)	-	2,000 Nm^3/hour	6,000 Nm^3/hour
6.	Wire Drawing Mill	-	-	60,000 TPA
7.	Binding Wire	-	-	30,000 TPA

5. क्षमता विस्तार हेतु प्रयुक्त रॉ-मटेरियल:-

S. No.	Raw Material		Quantity (TPA)	Source	Mode of Transport
For DRI kiln (Sponge Iron) - 28,500 TPA					
a)	Iron ore		45,600	NMDC, Bailadila/ Bachheli	By Rail and Road (through covered trucks)
b)	Coal	Indian Coal	37,050	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
		Imported Coal	25,650	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through Sea Route & Rail
c)	Dolomite		1,425	Local Area	By Road (through covered trucks)
For Steel Melting Shop (Hot Billets) – 64,000 TPA					
1.	Sponge Iron		53,300	Own generation	---
2.	MS Scrap		22,800	Local Area	By Road (through covered trucks)
3.	Ferro alloys		1,000	Raipur	By Road (through covered trucks)
For Rolling Mill (Rolled Products) - 60,000 TPA – through Hot Charging					

1	Hot Billtes	64,000	Own generation	Internal Online charging through CCM
2	Furnace oil	3,000	Local Market	By Road (through covered trucks)
3	Coal For Gasifier 4000 NM^3/Hr – Indian Coal	12,000	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
	Coal For Gasifier 4000 NM^3/Hr – Imported Coal	7,680	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route & rail
For Wire Drawing Mill (60,000 TPA)				
1	Billets	64,000	Local Market	By Road (through covered trucks)
For Binding Wire Mill (30,000 TPA)				
1	Billets	32,000	Local Market	By Road (through covered trucks)
For FBC Boiler - Power Generation 8 MW (36 TPH Boiler)				
1	Indian Coal (100%)	48,600	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
OR				
2	Imported Coal (100%)	31,100	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route & Road (through covered trucks)
OR				
3	Dolochar	10,530	Own Generation	-
	Indian Coal	43,335	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
OR				
4	Dolochar	10,530	Own Generation	-
	Imported Coal	25,840	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route & Road (through covered trucks)

6 **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसीपिटेटर एवं 30 मीटर ऊंचाई की 01 नग चिमनी स्थापित है, जिसे बढ़ाकर 57 मीटर किया जाना प्रस्तावित है। एफ.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसीपिटेटर एवं 61 मीटर ऊंचाई की 01 नग चिमनी प्रस्तावित है। इण्डक्शन फर्नेस में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु बेग फिल्टर एवं 30 मीटर ऊंचाई की 01 नग चिमनी प्रस्तावित है। उपरोक्त व्यवस्था से वर्तमान में डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) एवं इण्डक्शन फर्नेस से पार्टिकुलेट मेटर

का उत्सर्जन 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम एवं एफ.बी.सी. आधारित प्रस्तावित पॉवर प्लांट से वर्तमान में पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखे जाने का प्रावधान किया गया है। फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था है। कन्वेयर बेल्ट्स को जी.आई. शीट्स एवं ई.एस.पी. में इंटर लॉकिंग सिस्टम की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है।

7. ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था –

S. No.	Waste / By product	Exasting and Obtained CTE (work yet to started) (TPD)	Exapansion (TPD)	Method of Disposal
		For Sponge Iron plant		
1.	Dolochar	16	17.1	Will be used in CFBC power plant as fuel
2.	Ash	30	28.5	Will be given to bricks manufacturers
3.	Wet scrapper sludge	4.6	4.4	Will be used in road construction and given to brick manufacturers
4.	Kiln Accretion Slag	0.9	0.9	Will be used in road in construction
		For Induction Furance		
5.	Slag	10	20	Slag from SMS will be crushed and iron will be recovered & remaining non-magnetic material being inert by nature will be used as sub base material in road construction / will be given to brick manufacturer
		For Rolling Mill		
6.	Mill Scales	2	4	Mill scale will be given to nearby Ferro alloys manufacturing units or casting units
7.	End Cutting	3	6	Recycled back as raw material in own induction furances
		Power Plant		
8.	Ash (with Indian Coal)	-	72.9	Will be given to cement plants / bricks manufacturers
		OR		
	Ash (with Imported Coal)	-	10.4	Will be given to cement plants / bricks manufacturers
		OR		

	Ash (with Indian Coal + dolochar)	-	86.1	Will be given to cement plants / bricks manufacturers
OR				
	Ash (with Imported Coal + dolochar)	-	29.7	Will be given to cement plants / bricks manufacturers

वर्तमान में ठोस अपशिष्टों के अपवहन हेतु उपरोक्त व्यवस्था अपनाई गई है।

8. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 125 घनमीटर प्रतिदिन जल की आवश्यकता है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना हेतु 333 घनमीटर प्रतिदिन (घरेलू उपयोग हेतु 06 घनमीटर प्रतिदिन एवं औद्योगिक प्रक्रिया हेतु 452 घनमीटर प्रतिदिन) जल की आवश्यकता होगी। वर्तमान में जल की आपूर्ति भू–जल से की जाती है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत अपनाई जाएगी। आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 480 घनमीटर प्रतिदिन के दोहन की अनुमति प्राप्त की गई है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न नहीं होता है। कूलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार कार्यकलापों हेतु भी उपरोक्त व्यवस्था अपनाई जाएगी। गैसीफायर से उत्पन्न फिनॉलिक वेस्ट वॉटर को डी.आर.आई. किल्न के ऑफ्टर–बर्निंग चैंबर में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। पॉवर प्लांट के डी.एम. प्लांट रेज़िन रीजनरेशन से उत्पन्न दूषित जल हेतु न्यूट्रिलाइज़ेशन टैंक की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सब–सर्फेस ट्रेंच का निर्माण किया गया है। घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रिटमेंट प्लान्ट की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी गई है। क्षमता विस्तार कार्यकलापों में भी उपरोक्त व्यवस्था अपनाई गई है।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा के पानी का कुल रनऑफ 83,212 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत वर्तमान में 2 नग रिचार्ज स्ट्रक्चर स्थापित है तथा अतिरिक्त 14 नग रिचार्ज स्ट्रक्चर (व्यास 4 मीटर एवं गहराई 5 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में रेन वॉटर कलेक्शन हेतु परिसर के भीतर कलेक्शन पॉण्ड क्षमता 5,000 घनमीटर का निर्माण किया गया है, जिसकी क्षमता में वृद्धि कर 10,000

घनमीटर किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चरों इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

9. **विद्युत खपत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 4.9 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होती है। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् परियोजना हेतु 15.7 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

10. **वृक्षारोपण की स्थिति** – हरित पट्टिका 3.27 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 3,000 नग वृक्षारोपण किया गया है। अतिरिक्त 0.73 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है, जो कि कुल क्षेत्रफल का 33 प्रतिशत से अधिक होगा। परिसर के चारों ओर 10 से 66 मीटर चौड़ी पट्टी में वृक्षारोपण किया जाएगा।

11. **प्रदूषण भार संबंधी जानकारी** – स्थापित स्पंज आयरन से उत्पादन की दशा में एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत उत्पादन की दशा में कुल प्रदूषण भार की गणना कर (जल उपयोग की मात्रा, दूषित जल की मात्रा/गुणवत्ता, प्रदूषकों के उत्सर्जन की मात्रा एवं उत्पन्न ठोस अपशिष्टों की मात्रा) प्रस्तुत किया गया है। इसके अनुसार–

Configuration	Units	PM (Tons/year)	SO_2 (Tons/year)	NO_x (Tons/year)
Existing	Sponge Iron (1x100 TPD)	**18.144**	**391.392**	**72.576**
Proposed	Sponge Iron (1x100 TPD) After upgradation	10.886	391.392	69.984
	Sponge Iron (1x95 TPD)	10.368	391.392	69.984
	Induction Furnace	9.3312	0	31.104
	Rolling Mill	6.48	241.056	20.736
	Power Plant	15.552	972	46.656
	Total	**52.6176**	**1995.84**	**238.464**

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा कमिटमेंट प्रस्तुत किया गया कि आंतरिक मार्गों का पक्कीकरण कर उनका रख-रखाव (Maintain) सुनिश्चित किया जाएगा।

13. उद्योग के प्रवेश द्वार पर सी.सी.टी.वी. कैमरा सिस्टम के माध्यम से आवागमन करने वाले वाहनों पर निगरानी रखी जावेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि रॉ-मटेरियल्स से भरे सभी वाहन ठीक ढंग से ढके हुये हैं, जिससे वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण नियंत्रित हो सके।

14. जारी किये गये टर्म्स ऑफ रेफरेन्स का पालन प्रतिवेदन एवं लोक सुनवाई में उठाये गये मुद्दों के निराकरण की दिशा में प्रस्तावित कार्यवाही की कार्य योजना प्रस्तुत की गई है।

15. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य मार्च 2019 से मई 2019 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 20.2 से 37.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 33.2 से 63.5 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.6 से 19.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{x}$ 9.9 से 27.5 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 42 डीबीए से 61 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 38 डीबीए से 51 डीबीए पाया गया।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
4800	1%	48	Following activities at Nearby Government Schools and Hospitals Located within 5 km to 10 km radial distance	
			Rain Water Harvesting System	48
			Potable Drinking water Facility	
			Running water facility for Toilets	
			Solar Lighting System	
			Total	**48**

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

17. लोक सुनवाई दिनांक 16/12/2019 प्रातः 12:00 बजे स्थान ग्राम–रानबोड़, खम्हारडीह, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली में संपन्न हुई। लोक सुनवाई

दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के ज्ञापन दिनांक 11/11/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।

18. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**

   i. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।
   ii. वायु प्रदूषण नहीं होना चाहिए।
   iii. सीमेंट पॉवर, स्टील के परिवहन हेतु बड़ी–बड़ी वाहनें चलती है, उससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गया है। आने–जाने में परेशानी हो रही है। सड़क का बराबर मरम्मत होना चाहिए।
   iv. किसानों के खेतों को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। राख एवं कोयला खेत में नहीं जाना चाहिए।
   v. पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक का कथन निम्नानुसार है:–

   i. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।
   ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।
   iii. किसानों के खेतों को कोई नुकसान नहीं होगा। राख एवं कोयला खेत में नहीं जाएगा।
   iv. सड़कों का चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग के निर्देशानुसार की जाएगी।
   v. पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत ग्राम–रामबोड़, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली स्थित खसरा क्रमांक 506(पार्ट), 502/2 एवं 503/3, कुल क्षेत्रफल – 11.952 हेक्टेयर में डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) क्षमता – 30,000 टन प्रतिवर्ष से 58,500 टन प्रतिवर्ष, डब्ल्यू.एच.आर.बी. आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 2.5 मेगावॉट से 5 मेगावॉट, एफबीसी आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 4.5 मेगावॉट से 8 मेगावॉट, हॉट चार्ज्ड रोल्ड प्रोडक्ट (थ्रू इण्डक्शन फर्नेस एवं रोलिंग मिल) क्षमता – 30,000 टन प्रतिवर्ष से 90,000 टन प्रतिवर्ष, कोल गैसीफायर (प्रोड्यूसर गैस) क्षमता – 2,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा से 6,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा, प्रस्तावित न्यू वॉयर ड्राइंग मिल 60,000 टन प्रतिवर्ष, वाईडिंग वॉयर मिल 30,000 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–06** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–3: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।

1. **मेसर्स किरगी सोईल ऑर्डिनरी क्ले क्वारी (प्रो.– श्री नरेश लाल तलरेजा), ग्राम–किरगी, तहसील–डोंगरगाव, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 963बी)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 42449 / 2019, दिनांक 29 / 09 / 2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 11 / 10 / 2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 11 / 01 / 2020 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–किरगी, तहसील–डोंगरगाव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 32, कुल क्षेत्रफल – 1.417 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता–1528.21 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्समय **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
2. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01 / 05 / 2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22 / 02 / 2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 315वीं बैठक दिनांक 27 / 02 / 2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री गिरधारी लाल तलरेजा, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बनहरदी का दिनांक 17 / 10 / 2004 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खा.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक

7114/खनि-02/उ.प./न.क्र.91/2015 नया रायपुर, दिनांक 11/12/2015 द्वारा अनुमोदित है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2517/ख.लि. 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 15/10/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 2 खदानें, कुल क्षेत्रफल 1.348 हेक्टेयर है।

4. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2517/ख.लि. 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 15/10/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

5. **लीज का विवरण** – लीज डीड श्री नरेश लाल तलरेजा के नाम पर है। लीज डीड 10 वर्षों अर्थात् दिनांक 28/10/2004 से 27/10/2014 तक की अवधि हेतु थी। लीज डीड का प्रथम नवीनकरण दिनांक 28/10/2014 से 27/10/2024 तक की अवधि हेतु वृद्धि की गई है।

6. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

7. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-किरगी 0.5 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम-किरगी 0.5 कि.मी. दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 1.5 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 2.5 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 5.5 कि.मी. एवं नाला 50 मीटर दूर है।

8. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

9. जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 28,340 घनमीटर एवं रिकवरेबल रिजर्व 13,415 घनमीटर है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 1 मीटर (0.084 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। उत्खनन की अधिकतम गहराई 2 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की गहराई 2 मीटर बताया गया है, जिसका उपयोग ईंट निर्माण में किया जाता है। उत्खनन ओपन कास्ट मैनुअल विधि से किया जाता है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। भट्ठाई चिमनी की ऊंचाई 35 मीटर है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 50 प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाता है। खदान की संभावित आयु 9 वर्ष है। वर्षवार उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	कुल उत्पादन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
प्रथम वर्ष	881	2	1,528	12,31,136
द्वितीय वर्ष	881	2	1,528	12,31,136
तृतीय वर्ष	881	2	1,528	12,31,136
चतुर्थ वर्ष	881	2	1,528	12,31,136
पंचम वर्ष	881	2	1,528	12,31,136

आगामी पांच वर्ष की उत्पादन योजना

वर्षवार उत्पादन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	गहराई (मीटर)	कुल उत्पादन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
छठवें वर्ष	1,604	1	1,443	11,62,858
सातवें वर्ष	1,604	1	1,443	11,62,858
आठवें वर्ष	1,604	1	1,443	11,62,858
नौवें वर्ष	1,604	1	1,443	11,62,858

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का राउण्डऑफ किया गया है।

10. प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल से की जाएगी। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा।

11. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 1 मीटर खुले क्षेत्र में 200 नग पौधे लगाया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

    i. पूर्व में श्री नरेश लाल दलरेजा के नाम से मिट्टी (गौण खनिज) ईंट निर्माण इकाई खदान खसरा क्रमांक 32, क्षेत्रफल 1.417 हेक्टेयर, क्षमता–1,528.21 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 10/01/2017 के द्वारा जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक की अवधि हेतु जारी की गई है।

    ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

    iii. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 315/ख.लि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 04/02/2020 द्वारा विगत वर्षों के उत्खनन की जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं है कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में मिट्टी उत्खनन किया गया है?

13. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 13.5	2%	Rs. 0.27	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Kirgi	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.20
			Plantation	Rs. 0.07
			Total	Rs. 0.27

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

14. वर्तमान में प्रस्तुत अनुमोदित माईनिंग प्लान से यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान में कितनी मात्रा में मिट्टी उत्खनन किया गया है तथा उत्खनन हेतु कितनी मात्रा शेष है?

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. विगत वर्षों में किए गए मिट्टी उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी एवं ईंट उत्पादन की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
2. वर्तमान में उत्खनित मात्रा के आधार पर उत्खनन हेतु उपलब्ध मात्रा के अनुसार गणना कर, संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 28/02/2020 को प्रस्तुत किया गया एवं समिति के समक्ष जानकारी/दस्तावेज को आज की बैठक में रखे जाने हेतु अनुरोध किया गया जिसे समिति द्वारा मान्य किया गया।

(स) समिति की 316वीं बैठक दिनांक 28/02/2020

समिति द्वारा नवीनी प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 526/खनि 03/2020 राजनांदगांव दिनांक 28/02/2020 द्वारा विगत वर्षों के उत्खनन की जानकारी प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार–

वर्ष	ईंट (नग)	कच्चा माल (मिट्टी +50 प्रतिशत पलाई ऐश) (घनमीटर)	उत्पादन (उपयोग में ली गई मिट्टी) (घनमीटर)
दि. 28/10/2004 से दिसम्बर 2004	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2005 से जून 2005	2,56,000	512	256
जुलाई 2005 से दिसम्बर 2005	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2006 से जून 2006	3,28,000	656	328
जुलाई 2006 से दिसम्बर 2006	2,00,000	400	200
जनवरी 2007 से जून 2007	5,77,350	1,154	577
जुलाई 2007 से दिसम्बर 2007	1,45,000	290	145
जनवरी 2008 से जून 2008	5,00,000	1,000	500
जुलाई 2008 से दिसम्बर 2008	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2009 से जून 2009	3,30,000	660	330
जुलाई 2009 से दिसम्बर 2009	80,000	160	80
जनवरी 2010 से जून 2010	5,60,000	1,120	560
जुलाई 2010 से दिसम्बर 2010	11,00,000	2200	1,100
जनवरी 2011 से जून 2011	11,50,000	2300	1,150
जुलाई 2011से दिसम्बर 2011	निरंक	निरंक	निरंक

जनवरी 2012 से जून 2012	2,40,000	480	240
जुलाई 2012 से दिसम्बर 2012	60,000	120	60
जनवरी 2013 से जून 2013	4,20,000	840	420
जुलाई 2013 से दिसम्बर 2013	3,00,000	600	300
जनवरी 2014 से जून 2014	2,55,000	510	255
जुलाई 2014 से दिसम्बर 2014	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2015 से जून 2015	4,90,000	980	490
जुलाई 2015 से दिसम्बर 2015	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2016 से जून 2016	निरंक	निरंक	निरंक
जुलाई 2016 से दिसम्बर 2016	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2017 से जून 2017	4,50,000	900	450
जुलाई 2017 से दिसम्बर 2017	2,70,000	540	270
जनवरी 2018 से जून 2018	7,10,000	1,420	710
जुलाई 2018 से दिसम्बर 2018	निरंक	निरंक	निरंक
जनवरी 2019 से जून 2019	2,10,000	420	210
जुलाई 2019 से दिसम्बर 2019	निरंक	निरंक	निरंक
कुल	**86,31,350**	**17,262**	**8,631**

उक्त पट्टा क्षेत्र में वर्तमान में 2 मीटर तक की सीमित गहराई में अवतक उपयोग में लिए गये खनिज को छोड़कर लगभग 13,196.28 घनमीटर खनिज (ईंट मिट्टी) उपलब्ध जिसका उपयोग पट्टा अवधि के दौरान ईंट निर्माण हेतु किया जा सकता है।

2. वर्तमान में उत्खनित मात्रा के आधार पर, उत्खनन हेतु उपलब्ध मात्रा के अनुसार गणना कर, संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत की गई है।

3. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2517/ख.लि. 02/2019 राजनांदगांव, दिनांक 15/10/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 2 खदानें, क्षेत्रफल 1.348 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम–किरगी) का रकबा 1.417 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम–किरगी) को मिलाकर कुल रकबा 2.765 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से ग्राम–किरगी, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित खसरा क्रमांक 32, कुल क्षेत्रफल – 1.417 हेक्टेयर, मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता – 1,628 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–07** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

(भोजराज [illegible] चौहान)
सदस्य-सचिव
राज्य स्तर विशेषज्ञ आकलन समिति
छत्तीसगढ़

(धीरेन्द्र शर्मा)
अध्यक्ष
राज्य स्तर विशेषज्ञ आकलन समिति
छत्तीसगढ़

मेसर्स नकना ब्रिक्स अर्थ क्वारी एण्ड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट (प्रो.– श्री तिलक राम साहू) को खसरा क्रमांक 1397, ग्राम–नकना, तहसील–रामानुजनगर, जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 82, 83, 84 एवं 85, कुल क्षेत्रफल 1.4 हेक्टेयर, मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता – 1,744 घनमीटर (ईंट निर्माण इकाई क्षमता 9,37,000 नग) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति में दी जाने वाली शर्तें

1. यह पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 07 वर्ष (खदान की संभावित आयु) तक की अवधि हेतु वैध है। यदि खदान खनिज विभाग द्वारा अधिसूचित किसी क्लस्टर में है, तो पर्यावरण स्वीकृति मान्य नहीं होगी।
2. उत्खनन क्षेत्र 1.4 हेक्टेयर से अधिक नहीं होगा। इसी प्रकार खदान से अधिकतम मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) क्षमता – 1,744 घनमीटर (ईंट निर्माण इकाई क्षमता 9,37,000 नग) प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा। लीज क्षेत्र की सीमाओं का सीमांकन कराकर पक्के मुनारे लगाया जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ओएम दिनांक 24/06/2013 के अनुसार किसी सिविल स्ट्रक्चर से कम से कम 15 मीटर की दूरी छोड़कर उत्खनन क्षेत्र की परिधि सुनिश्चित किया जाए। फिक्स चिमनी से चारों तरफ उत्खनन क्षेत्र की सीमा कम से कम 15 मीटर दूर सुनिश्चित किया जाए। भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ओएम दिनांक 24/06/2013 में मिट्टी उत्खनन हेतु निर्धारित गाईड–लाईन का पालन सुनिश्चित किया जाए।
4. उत्खनन की अधिकतम गहराई 2.0 मीटर से अधिक नहीं होगी। उत्खनन प्रक्रिया भू–जल स्तर के ऊपर असंतृप्त प्रभाग में की जाएगी एवं उत्खनन प्रक्रिया भू–जल स्तर के नीचे किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाए।
5. खदान से उत्पन्न जल एवं घरेलू दूषित जल (यदि कोई हो), के उपचार की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था किया जाए। औद्योगिक प्रक्रिया एवं खदान से उत्पन्न किसी भी प्रकार से दूषित जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए, अपितु इसे प्रक्रिया में अथवा वृक्षारोपण हेतु पुनःउपयोग किया जाए। घरेलू दूषित जल के उपचार के लिये सैप्टिक टैंक एवं सोकपीट की व्यवस्था किया जाए एवं किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए। दूषित जल एवं वर्षाऋतु का जल आपस में न मिलने देने हेतु भी व्यवस्था की जाए। उपचारित दूषित जल की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानक अथवा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अधिसूचित मानक (जो भी कठोर हो) के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।
6. भू–जल के उपयोग हेतु केन्द्रीय भू–जल बोर्ड से उत्खनन आरंभ करने के पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाए। (यदि आवश्यक हो)
7. ईंट उत्पादन हेतु फिक्स्ड चिमनी आधारित ईंट भट्टे की स्थापना किया जाए। ईंट भट्टे की चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा एवं चिमनी की ऊंचाई भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानक अनुसार सुनिश्चित किया जाए। खनिज उत्खनन के विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न

फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन का नियंत्रण प्रभावी एवं नियमित रूप से किया जाए। पहुँच मार्ग, रैम्प, संग्रहण क्षेत्र, भराई एवं अन्य डस्ट उत्सर्जन बिन्दुओं पर जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाकर इसका सतत संचालन /संधारण सुनिश्चित किया जाए।

8. वाहनों एवं अन्य प्रक्रिया से उत्पन्न वायु प्रदूषण को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत विनिर्दिष्ट मानकों (जो भी कठोर हो) के अनुरूप रखा जाएगा। उत्खनन क्षेत्र में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिये।

9. ईंट निर्माण में ताप विद्युत संयत्रों से उत्पन्न राख का उपयोग भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा फ्लाई एश के उपयोग हेतु जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार किया जाए। ईंट भट्टे से उत्पन्न राख का पुर्नउपयोग ईंट निर्माण में किया जाए। ठोस अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न ईंट के टुकड़ों आदि को भू-भरण हेतु उपयोग किया जाए।

10. उत्खनन के दौरान हटाई गई उपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) का उपयोग ईंट निर्माण में उपयुक्त नहीं होने पर उत्खनन हेतु उपयोग में नहीं आने वाली भूमि के पुनः उद्धार हेतु अथवा बाहरी ओवरबर्डन को स्थिर (स्टेबिलाइज) करने में किया जाए। जहां पर उपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को खनन प्रक्रिया के साथ-साथ (कॉनकरेंटली) उपयोग किया जाना संभव न हो, तब इसे पृथक से भण्डारित कर भविष्य में उपयोग हेतु रखा जाए।

11. ओवरबर्डन एवं अनुपयोगी मिट्टी को उचित प्रकार से सुरक्षित रखा जाए ताकि भण्डारित पदार्थ आस-पास की भूमि पर विपरित प्रभाव न डाल सके एवं खनन के पश्चात बने गड्ढों में पुर्न भरण (बैक फिलिंग) हेतु भूमि का मूल उपयोग अथवा वांछित वैकल्पिक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। भण्डारित डम्प की ऊंचाई 03 मीटर तथा स्लोप 45 डिग्री से अधिक न हो। ओवरबर्डन डम्प का क्षरण रोकने हेतु वैज्ञानिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाए।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि खनन प्रक्रिया से उत्पन्न सिल्ट लीज क्षेत्र के आस-पास के सतही जल स्त्रोतों में प्रवाहित न हो। इसे रोकने हेतु माईन पीट, डम्प क्षेत्र, ईंट भट्टा क्षेत्र में सिटेनिंग वॉल /गारलेण्ड ड्रेन की व्यवस्था की जाए।

13. मिट्टी एवं ईंट का परिवहन तारपोलिन अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से ढके हुये वाहन से किया जाए, ताकि मिट्टी अथवा ईंट वाहन से बाहर नहीं गिरे। खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों को क्षमता से अधिक नहीं भरा जाना सुनिश्चित किया जाए।

14. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (**Corporate Environment Responsibility**) हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव पर कार्य किया जाए-

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 11.40	2%	Rs. 0.22	Following activities at Nearby Government Primary School Village-Nakana	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.30
			Total	**Rs. 0.30**

15. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए। सी.ई.आर. के तहत निर्धारित कार्यवाही 06 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।
16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा उत्खनन हेतु निषिद्ध क्षेत्र (चारों तरफ 01 मीटर चौड़ी बेल्ट), हॉल रोड, ओवरबर्डन डम्प आदि में स्थानीय प्रजाति के 700 वृक्षों का सघन वृक्षारोपण किया जाए। हरित पट्टी का विकास केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका के अनुसार किया जाए।
17. **प्राथमिकता के आधार पर खदान प्रबंधन द्वारा वर्ष 2020 में कम से कम 200 पौधे प्रति हेक्टेयर लीज क्षेत्र के अनुसार बड़, पीपल, नीम, करंज, शीशु, आम, इमली, अर्जुन, शीरस आदि अन्य स्थानीय प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण खदान के खुले क्षेत्र में किया जाए। रोपण को सुरक्षित रखने के लिये उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था (यथा कांटेदार तार के बाड़ अथवा ट्री गार्ड का उपयोग) किया जाए। स्थल उपलब्ध नहीं होने की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हीत क्षेत्र में उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण किया जाए। उपरोक्त वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में पूर्ण किया जाए। वृक्षारोपण नहीं करने पर जारी पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त की जा सकती है।**
18. उत्खनन क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।
19. उत्खनन की प्रक्रिया इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं पर कम से कम दुष्प्रभाव हो।
20. मिट्टी उत्खनन छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों, अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के अनुसार किया जाए।
21. कार्य स्थल पर यदि कैम्पिंग श्रमिक कार्य पर लगाये जाते है तो ऐसे श्रमिकों के आवास उचित व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाएगी। आवासीय व्यवस्था अस्थायी संरचनाओं के रूप में हो सकती है, जिसे परियोजना पूरी होने के पश्चात हटाया जा सके।
22. श्रमिकों के लिए खनन स्थल पर स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, मोबाइल टायलेट आदि की व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जाए।
23. श्रमिकों का समय–समय पर आक्यूपेशनल हेल्थ सर्विलेंस कराना आवश्यक है।
24. इस पर्यावरणीय स्वीकृति को जारी करने का आशय किसी व्यक्तिगत अथवा अन्य सम्पत्ति पर अधिकार दर्शाने का नहीं है एवं न ही यह पर्यावरणीय स्वीकृति किसी

निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने अथवा व्यक्तिगत अधिकारों के अतिक्रमण अथवा केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय कानूनों / विधियों के उल्लंघन हेतु अधिकृत करता है।

25. उत्खनन की तकनीक, कार्य क्षेत्र एवं अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुरूप वार्षिक योजना, जिसमें मिट्टी उत्खनन सम्मिलित है, में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

26. एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से, परियोजना की रूपरेखा में परिवर्तन अथवा विनिर्दिष्ट शर्तों के संतोषप्रद रूप से पालन न करने की दशा में किसी भी शर्त में संशोधन/निरस्त करने अथवा नई शर्त जोड़ने अथवा उत्सर्जन / निस्त्राव के मानकों को और सख्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

27. परियोजना प्रस्तावक न्यूनतम 02 स्थानीय समाचार पत्रों में, जो कि परियोजना क्षेत्र के आस–पास व्यापक रूप से प्रसारित हो, पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने के 07 दिनों के भीतर इस आशय की सूचना प्रसारित करेगा कि परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की प्रतियाँ सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की वेबसाइट www.envfor.nic.in एवं एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।

28. पर्यावरणीय स्वीकृति में दी गई शर्तों के पालन हेतु की गई कार्यवाही की अर्द्ध वार्षिक रिपोर्ट छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, अटल नगर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, अम्बिकापुर, एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर को प्रेषित किया जाए।

29. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में प्रदत्त शर्तों के पालन की मानिटरिंग की जाएगी। इस हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा समय–समय पर प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों एवं आवेदन का पूर्ण सेट क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर को प्रेषित किया जाए।

30. एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार/ क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के वैज्ञानिकों/अधिकारियों को शर्तों के अनुपालन के संबंध में की जाने वाली मॉनिटरिंग हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए।

31. परियोजना प्रस्तावक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करेगा। ये शर्तें जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा इनके तहत बनाये गये नियमों, परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंध एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016 तथा

लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 (यथा संशोधित) के अधीन विनिर्दिष्ट की जा सकती है।

32. प्रस्तावित परियोजना के बारे में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत विवरण में कोई भी विचलन अथवा परिवर्तन होने की दशा में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को पुनः नवीन जानकारी सहित सूचित किया जाए, ताकि एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ इस पर विचार कर शर्तों की उपयुक्तता अथवा नवीन शर्तें निर्दिष्ट करने बाबत निर्णय ले सके। खदान में कोई भी विस्तार अथवा उन्नयन एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाए।

33. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति को उनके क्षेत्रीय कार्यालय, जिला-व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं कलेक्टर/तहसीलदार कार्यालय में दिवस की अवधि के लिये प्रदर्शित करेगा।

34. पर्यावरणीय स्वीकृति के विरूद्ध अपील नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट 2010 की धारा 16 में दिये गये प्रावधानों अनुसार, 30 दिन की समय अवधि में की जा सकेगी।

सदस्य सचिव, एस.ई.ए.सी. | अध्यक्ष, एस.ई.ए.सी.

परिशिष्ट–02

